हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री


10 स्कूल में अव्यवस्था पर बिफरीं कलेक्टर बीईओ....





11 पौधरोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान पर कर रहे कार्य




# रामजन्मोत्सव की तैयारियां शुरू, मां दंतेश्वरी मंदिर में फहराया भगवा ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हिंदू नववर्ष और आगामी रामजन्मोत्सव को लेकर विश्व हिंदू परिषद रामजन्मोत्सव समिति द्वारा तैयारियों का शुभारंभ कर दिया गया है। इसी कड़ी में समिति के तत्वावधान में जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवा ध्वज स्थापित किया गया। मंदिर प्रांगण में भगवा ध्वज फहराने के साथ ही मां दंतेश्वरी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और सभी श्रद्धालुओं के कल्याण की मंगलकामना की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए आगामी रामजन्मोत्सव को भव्य और दिव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि रामजन्मोत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और सामाजिक एकजुटता का भी प्रतीक है। इस पर्व के माध्यम से समाज में धर्म,संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान हिंदू नववर्ष के अवसर पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सनातनी परिवारों से अपने-अपने घरों में भगवा ध्वज लगाने का आह्वान किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि भगवा ध्वज सनातन धर्म की आस्था,परंपरा और गौरव का प्रतीक है,इसलिए प्रत्येक घर में ▶▶| शेष पेज 10 पर

## विश्व हिंदू परिषद रामजन्मोत्सव समिति ने की पूजा-अर्चना

### घर-घर भगवा ध्वज लगाने का आह्वान

विश्व हिंदू परिषद रामजन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि हिंदू नववर्ष के अवसर पर प्रत्येक सनातनी परिवार अपने घरों में भगवा ध्वज स्थापित कर धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करे। समिति ने बताया कि यह ध्वज केवल धार्मिक प्रतीक ही नहीं,बल्कि सनातन परंपरा,एकता और आत्मगौरव का भी संदेश देता है। इसी भावना के साथ इस वर्ष भी पूरे शहर और गांवों में रामजन्मोत्सव को भव्य और दिव्य रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी, विभाग सह मंत्री श्रीनिवास रेड्डी, रामजन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कौशिक, जिला मंत्री नवीन देवांगन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जबीता मंडावी, मातृशक्ति संयोजिका सुशीला साव, आस्था गुप्ता, बजरंग दल के संयोजक विष्णु ठाकुर, सह संयोजक सन्नी रैली, सुरेंद्र तिवारी, अजय प्रताप सिंह, हिमेश राठौर, देव ठाकुर, कुंदन साहू, शिव नाग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम के करदाताओं को 100 प्रतिशत छूट मिले

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने विज्ञप्ति जारी कर छत्तीसगढ़ सरकार से मध्यप्रदेश की तर्ज पर नगर निगम के बकाया करदाताओं को 100 प्रतिशत छूट देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आयोजित नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत भोपाल नगर निगम (ईएमएस) द्वारा संपत्तिकर और जलकर के बकायादारों को विशेष शिविर के माध्यम से पूरी छूट देने की पहल की जा रही है, जिससे करदाताओं को बड़ी राहत मिलने की संभावना है। चौधरी ने कहा कि जानकारी के अनुसार भोपाल नगर निगम में पिछले वर्ष करदाताओं की अधिक भीड़ के कारण कई लोगों का भुगतान समय पर नहीं हो पाया था। इस बार करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी जोन रजिस्ट्रार कार्यालयों में काउंटरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नागरिकों को कर भुगतान में किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे आसानी से अपने बकाया का निपटारा कर सकें।



### हिमालय बाबा का पतंजलि योग परिवार ने किया स्वागत



**जगदलपुर।** हिमालय क्षेत्र से निकले पूज्य संत हिमालय बाबा का पतंजलि योग परिवार द्वारा स्वागत किया गया। आंध्रप्रदेश के मल्लिकार्जुन से काशी होते हुए रामेश्वरम् और पुनः काशी तक की पदयात्रा पर निकले हिमालय बाबा जब जगदलपुर पहुँचे तो धरमपुरा स्थित शिवानंद आश्रम में उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी,योग साधक और श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचे। हिमालय बाबा के साथ चल रहे सहयोगी राजकुमार ने जानकारी दी कि बाबा पिछले सात माह से निरंतर पदयात्रा कर रहे हैं और अब तक लगभग 5000 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि शेष यात्रा भी आगामी सात माह में पूर्ण होने की संभावना है। यात्रा के दौरान वे विभिन्न स्थानों पर धर्म, सेवा और समाज में सद्भावना का संदेश दे रहे हैं।

### पेंशनर्स महासंघ के संभागीय अध्यक्ष का सम्मान



**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की प्रांतीय इकाई द्वारा 11 मार्च को रायपुर में होली मिलन कार्यक्रम प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं पेंशनर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बस्तर संभाग के अध्यक्ष आर एन ताटी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस दौरान प्रांतीय इकाई के पदाधिकारियों ने बस्तर में ताटी के नेतृत्व में संगठन द्वारा पेंशनरों के हित में किए जा रहे कार्यों और सक्रिय प्रयासों की सराहना की। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन के माध्यम से पेंशनरों की समस्याओं को निरंतर उठाने और उनके समाधान के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। कार्यक्रम के दौरान आर एन ताटी को भारतीय जनता पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाए जाने पर भी प्रांतीय पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## खाली सिलेंडर रखकर और चूल्हा जलाकर की नारेबाजी

# महिला कांग्रेस ने गैस संकट और बढ़ती मंहगाई को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ मांग पूरी न होने पर करेंगे उग्र आंदोलन

महिला कांग्रेस ने बस्तर सहित पूरे प्रदेश में कमर्शियल गैस सिलेंडर की अघोषित रोक, घरेलू गैस सिलेंडर की बाधित आपूर्ति, बढ़ती कालाबाजारी एवं बेतहाशा गैस की बढ़ती दामों व मंहगाई के विरोध में केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए खाली गैस सिलेंडर, चूल्हा जलाकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद तथा ग्रामीण अध्यक्ष चम्पा ठाकुर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। लता निषाद ने कहा शहर में घरेलू गैस सिलेंडर की जद्दोजहद जारी है । लोग घंटों लाइन में लगे हैं सिलेंडर की कमी साफ दिखाई दे रही है । कमर्शियल सिलेंडर पर अघोषित रोक लगी हुई है। कालाबाजारी का खेल जोरों पर है और मुख्यमंत्री व नेता मंत्री गैस सिलेंडर पर्याप्त होने का झूठा राग अलाप रहे हैं। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के बढ़ते दाम और सिलिंडर की किल्लत ने आम परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। महिला कांग्रेस आने वाले दिनों में उग्र प्रदर्शन करने बाध्य होगी।





### ये रहे मौजूद

इस दौरान प्रेमशंकर शुक्ला, राजेश चौधरी, प्कविता साहू, सुभाष गुलाटी, सुनीता सिंह, अपर्णा वाजपेई, कुसुम नेगी, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, पूर्णिमा सीरिल, कमला भतरा, जस्टिन भवानी, एम ज्योति राव, मालती मौर्य, शोभामानी, उषा राणा, रानी जैकब, गौरी मंडल, सरिता, धारा उषा राणा, रोमा, गुणमनी सहित अन्य मौजूद रहे।

# कार्रवाई के बाद भी बेखौफ चल रहे ओव्हरलोड वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ मोबाइल वे पैड से ओव्हरलोड वाहनों की कर रहे जांच

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता टीम की ओर से लगातार आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, बंगाल, गुजरात, झारखंड, पंजाब, उत्तरप्रदेश और बिहार आदि राज्यों की वाहनों की ओव्हरलोड की जांच मोबाइल वे पैड से की जा रही है और जुर्माना भी किया जा रहा है। उसके बाद भी वाहन चालक एवं मालिक का ध्यान नहीं देकर बेखौफ वाहन ओव्हरलोड चला रहे हैं। इससे उड़नदस्ता की टीम ने दूसरी बार ओव्हरलोड वाहनों को सख्ती कार्रवाई करने का मन बना लिया है। बताया जा रहा है कि उड़नदस्ता टीम मोबाइल वे पैड से अलग-अलग सडकों पर खड़ा कर आने-जाने वाले मालवाहक वाहनों की चेकिंग कर रहा हैं। चालानी कार्रवाई में वाहन नम्बर और मोबाइल नम्बर इस मशीन में फीड किया जा रहा है। इसमें ट्रैफिक नियमों की नए मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार विभिन्न धाराओं और उनके जुर्माने की राशि फीड हैं।

### ओवरलोडिंग पर वाहन होगा जब्त

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार साहू ने बताया कि टीम संभाग के सभी सड़कों में मोबाइल वे पैड से वाहनों की जांच की जा रही है। दूसरी बार ओव्हरलोड मिलने से वाहन जब्त होगा।

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर 36 सिलेंडर जब्त

# होटल, भोजनालय और चाय टपरी में मिला घरेलू गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



खाद्य विभाग ने बस स्टैंड, शहीद पार्क, धरमपुरा और नगरनार के व्यापारिक क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। इस सघन जांच अभियान के दौरान होटलों और रेस्टोरेंट से कुल 29 घरेलू और 7 कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए गए। कार्रवाई का मुख्य केंद्र बस स्टैंड क्षेत्र रहा। जहां रघु यादव भोजनालय से 4, चाय टपरी से 2 और सुरुचि थाली रेस्टोरेंट से 2 घरेलू सिलेंडर बरामद किए गए। इसी क्षेत्र में स्थित आकाश भोजनालय, प्रयाग थाली, शेख वारिस, अमृतसरी कुलचा, घनश्याम खत्री, फ्यूल बार और बीकानेर स्वीट्स से भी एक-एक घरेलू सिलेंडर जब्त कर कार्रवाई की गई। इस जांच अभियान का विस्तार करते हुए टीम ने शहीद पार्क क्षेत्र में रीना ग्रीन सेहत और कांति गुप्ता के यहां दबिश देकर एक-एक सिलेंडर जब्त किया, जबकि धरमपुरा क्षेत्र के कैलाश होटल से 5 और कैफे लक्स से एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर शहर एवं समीपस्थ कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यवसायिक उपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई की गई। जांच टीम ने नगरनार क्षेत्र में भी औचक निरीक्षण में यूपी टेस्ट भोजनालय से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसके साथ ही शुभम होटल से भी 2 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद कर उन्हें कब्जे में लिया गया। इस पूरी कार्रवाई में सहायक खाद्य अधिकारी दिव्या रानी के नेतृत्व में खाद्य निरीक्षक शेख अब्दुल कादिर, उमेश चौधरी, हेमंत ब्रह्मभट्ट, तोरण नेताम और पायल वर्मा ने अहम भूमिका निभाई। विभाग ने कहा है कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग नियमों का उल्लंघन है और भविष्य में भी इस तरह की औचक कार्रवाई जारी रहेगी।

# दिनदहाड़े हो रही चोरी पुलिस सुस्त चोर चुस्त

**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा वर्गीस कॉलोनी के पीछे गोंडवाना समाज भवन के पास अघनपुर स्थित समित मंडल के निर्माणाधीन भवन में पूर्व में भी बिजली के सामान वायरिंग की चोरी हो चुकी है। 14 मार्च को दिन दहाड़े दोपहर के समय लगभग 11 से 12 बजे के बीच अज्ञात दो चोरों के द्वारा इसी मकान में बिजली एवं नल सामग्री जिसकी कीमत लगभग 1.5 से 2 लाख तक की है। चोरों द्वारा दिन दहाड़े चोरी किया गया है। अज्ञात दोनों व्यक्ति की सीसी टीवी फूटेज निकाल कर बोधघाट थाना में इसकी शिकायत की गयी है। शहर में हो रही चोरी को देख कर तो यही लगता है पुलिस सुस्त और चोर चुस्त जैसी स्थिति है।



# संजय मार्केट में छापा, 82 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त, सप्लाई करने वाला पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ आयुक्त के अचानक निरीक्षण से बाजार में मचा हड़कंप

शहर में प्रतिबंधित पॉलिथीन के अवैध कारोबार पर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए संजय मार्केट में बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा के अचानक निरीक्षण के दौरान बाजार में स्कूटी के माध्यम से दुकानदारों को प्रतिबंधित पॉलिथीन की सप्लाई करते एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। मौके पर की गई जांच में लगभग 82 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई। सुबह 9 बजे नगर निगम आयुक्त अचानक संजय मार्केट पहुंचे। बताया जा रहा है कि वे बिना किसी पूर्व सूचना के सामान्य खरीदार की तरह बाजार का जायजा लेने पहुंचे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति स्कूटी में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन लेकर दुकानदारों के पास पहुंचता दिखाई दिया। आयुक्त के निर्देश पर निगम की राजस्व टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जांच की,जिसमें पाया गया कि वह व्यक्ति दुकानदारों को पॉलिथीन की सप्लाई कर रहा था। कार्रवाई के दौरान प्रभारी संजय बाजार एवं सहायक राजस्व अधिकारी राकेश यादव उपस्थित थे।



### जुर्माना भी लगाया गया

जांच के दौरान उसकी पहचान विजय जैन के रूप में हुई। टीम ने मौके पर मौजूद पॉलिथीन को जब्त किया और आगे की कार्रवाई करते हुए उसके दुकान तक पहुंचकर वहां से भी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद की। पूरी कार्रवाई में लगभग 82 किलो पॉलिथीन जब्त की गई और प्लास्टिक प्रतिबंध नियमों के तहत संबंधित व्यक्ति पर जुर्माना भी लगाया गया।

## साहू समाज और बस्तर की सांस्कृतिक इतिहास के बीच आपसी जुड़ाव : भंजदेव

# भक्तमाता कर्मा की जयंती पर्व पर शहर में निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ समाज ने अपनी परंपराओं और संस्कृति को संजोया : सांसद

क्षेत्रीय साहू समाज ने स्थानीय सिरासर भवन में भक्तमाता कर्मा की जयंती पर्व उल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान कृष्ण और माता कर्मा की झांकी के शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा के साथ हुआ, जो दंतेश्वरी मंदिर से होते हुए संजय मार्केट, हनुमान मंदिर, चांदनी चौक, मेन रोड, गोल बाजार चौक, सिरहासार भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। सिरहासार भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने कहा कि किसी भी समाज के उत्थान और उसके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए उसकी संस्कृति अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। साहू समाज ने अपनी परंपराओं और संस्कृति को संजोया है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपनी संस्कृति और समाज के मूल आधारों को सहेजकर आने वाली पीढ़ी को सिखाते रहेंगे, तभी हमारा समाज लंबे समय तक जीवित और सशक्त बना रहेगा। उन्होंने सभी समाजजनों से एकजुट होकर समाज के विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव ने कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक इतिहास और साहू समाज की संस्कृति के बीच आपसी जुड़ाव प्रासंगिक है। जगन्नाथ मंदिर से बस्तर नरेश को रथपति की उपाधि मिली, वहीं भक्त माता कर्मा ने जगन्नाथ स्वामी को अपनी खिचड़ी खिलाई। दोनों ही समाज को भगवान जगन्नाथ स्वामी का आशीर्वाद प्राप्त है। साहू समाज को सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सभी को मिलकर समाज, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण के लिए सेवारत रहना चाहिए।



### कार्यों के लिए मिला सम्मान



कार्यक्रम में नीलमणि साहू को समाज में उल्लेखनीय कार्य और शिक्षा में नवाचार के साथ विभिन्न कार्यों के लिए मनन साहू, कोणारिका साहू, हिमांशु साहू, नोहर किशोर साहू एवं प्रियंका साहू को सम्मानित किया गया।

# गर्मी के चलते सब्जी बाजार में ग्राहकों की हुई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भीषण गर्मी के कारण सब्जी बाजारों में ग्राहकों की भारी कमी देखी जा रही है, जिससे रौनक फीकी पड़ गई है। गर्मी में खरीदार कम निकल रहे हैं, जबकि सब्जियों के जल्दी खराब होने से सब्जी विक्रेताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। गर्मी के कारण लोग सुबह या देर शाम को ही बाजार जा रहे हैं, जिससे दोपहर में बाजार सुनसान पड़े रहते हैं। तेज धूप के कारण लौकी, भिंडी और करेला जैसी नाजुक सब्जियां जल्दी खराब हो रही हैं, जिससे विक्रेताओं का नुकसान हो रहा है। लोग पौष्टिक के बजाय शरीर को ठंडा रखने वाली सब्जियां, जैसे ककड़ी और खीरा, ज्यादा पसंद कर रहे हैं। आवक बढ़ने के कारण टमाटर 6 रूपए किलो में बिक रहा हैं। बाजार में लोकल टमाटर रायपुर भेजा जा रहा है, जबकि बाहर से प्रतिदिन लगभग 10 ट्रक शहर में पहुंचता था। बाजार में मटर 40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 20, भिंडी 60, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 50 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 15 जूड़ी, प्याज भाजी 20 रूपए में 3 जूड़ी बिक रही है।



## खबर संक्षेप



### सिलेंडर लेने लग रही लंबी कतार

**फरसगांव।** नगर के वाहेगुरु भारत गैस एजेंसी और गोदाम में रविवार को उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारें लग रही है। अचानक बढ़ी मांग के कारण एजेंसी में असामान्य भीड़ की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते इज़राइल-ईरान युद्ध को लेकर चल रही खबरों के बाद लोगों में गैस सिलेंडर की कमी की आशंका को लेकर पैनिक की स्थिति बन गई है। इसी कारण कई उपभोक्ता एक साथ सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। फरसगांव के वाहेगुरु भारत गैस एजेंसी के कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि अफवाहों के कारण लोग अनावश्यक रूप से घबराकर सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। जिससे एजेंसी में भीड़ भाड़ की स्तिथ बन रही है। एजेंसी द्वारा लिमिट और नए नियमों को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता को सिलेंडर वितरण कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि घबराने या अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### विकास नगर स्टेडियम में पूर्व सैनिकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



कोण्डागांव। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा प्रत्येक रविवार को चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को विकास नगर स्टेडियम में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों तथा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों ने मिलकर स्टेडियम परिसर में झाड़ू लगाकर साफ–सफाई की। यह अभियान मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान युवाओं ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्टेडियम परिसर को साफ करने में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा कोंडागांव के जिला अध्यक्ष नागेश देवांगन ने सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों को पौष्टिक आहार वितरित किया।

# समन्वित कृषि कार्यों से किसानों की आर्थिक स्थिति हो रही अच्छी, बन रहे दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने शुक्रवार को ग्राम जरेबेन्दरी में उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से लाभान्वित किसान लुमन भण्डारी द्वारा किए जा रहे समन्वित कृषि कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने किसान के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायी बताया।

किसान लुमन भण्डारी को राज्य पोषित योजनांतर्गत समेकित उद्यानिकी विकास योजना के विभिन्न घटकों जैसे फेंसिंग, नलकूप खनन सह पम्प प्रतिस्थापन, फलोद्यान और अन्तरवर्ती फसल के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई है। कृषक द्वारा समन्वित कृषि प्रणाली के तहत सूरजमुखी की खेती के साथ बत्तख पालन, मुर्गी पालन, टर्की पालन और सुअर पालन का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, उद्यानिकी अधिकारी लोकेश्वर ध्रुव, मत्स्य विभाग के अधिकारी योगेश देवांगन, कृषि विभाग के अधिकारी कैलाश मरकाम सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने उद्यानिकी और मत्स्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण

### संकर बीज उत्पादन कार्यक्रम का भी लिया जायजा

इसके पश्चात कलेक्टर ने विकासखण्ड के ग्राम बड़ेबेन्दरी में किसान भरत राम द्वारा संकर बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत की जा रही लौकी और बैंगन की फसलों का निरीक्षण किया। किसान ने बताया कि संकर बीज उत्पादन से प्रति हेक्टेयर लगभग 2 से 2.5 लाख रुपये तक का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। इस कार्य के लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत निजी क्षेत्र के माध्यम से 63 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए अन्य किसानों को भी इस कार्य को अपनाकर अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।



### मछली पालक किसान के कार्यों का भी किया अवलोकन

कलेक्टर ने ग्राम जरेबेन्दरी में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लाभार्थी किसानजयराम देवांगन के कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने योजना का लाभ लेकर मछली पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। किसान जयराम देवांगन ने योजना के अंतर्गत अपनी 1.40 हेक्टेयर भूमि में लगभग 15.40 लाख रुपये की लागत से तालाब का निर्माण कराया, जिसमें उन्हें शासन की ओर से 6.16 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। तालाब निर्माण के बाद उन्होंने आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए मछली पालन और मत्स्य बीज उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया।

## बम्हनी और मटवाल के विद्यालयों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

# स्कूल में अव्यवस्था पर बिफरीं कलेक्टर बीईओ, बीआरसी और सीएसी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने शुक्रवार को ग्राम बम्हनी और मटवाल के विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों की पढ़ाई का स्तर परखा। उन्होंने विद्यार्थियों को विषयवार प्रश्न पूछकर और पढ़ाकर उनकी शैक्षणिक स्थिति का आंकलन किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सबसे पहले उच्च प्राथमिक शाला बम्हनी में विज्ञान विषय की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। इसके बाद शासकीय हाईस्कूल मटवाल में अध्यापन कार्य का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों के गणित विषय के ज्ञान का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों में विद्यार्थियों की पढ़ाई का स्तर अपेक्षित नहीं पाया गया। इस पर कलेक्टर ने शिक्षण व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। माध्यमिक शाला मटवाल के निरीक्षण के दौरान विद्यालय की आवश्यक व्यवस्थाएं भी संतोषजनक नहीं पाई गईं। अव्यवस्थाओं को देखकर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के चलते कलेक्टर ने बीईओ, बीआरसी और सीएसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी और डीएमसी को भी निर्देशित किया गया।



### जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, डीएमसी ईमल बघेल सहित अन्य जिलास्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।



### निर्माण कार्यों में समयसीमा व गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम करंजी और बड़ेबेन्दरी में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम करंजी में करंजी से स्कूलपारा तक बन रही 2.6 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का गहन निरीक्षण किया और निर्माण की गुणवत्ता का अवलोकन किया। कलेक्टर ने करंजी में निर्माणाधीन हायर सेकंडरी स्कूल भवन का भी निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम बड़ेबेन्दरी में शंकर नगर तक बन रही 3.65 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क और भवन निर्माण कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ए.आर. मरकाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उन्नत कृषक डॉ. राजाराम राष्ट्रीय कृषि रत्न अवार्ड से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

85 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक संस्था रायपुर छत्तीसगढ हिंदी साहित्य मंडल के 85वें स्थापना समारोह में शहर के कृषि वैज्ञानिक, साहित्यकार एवं जनजातीय चिंतक डॉ. राजाराम त्रिपाठी को "राष्ट्रीय कृषि रत्न अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह समारोह वृंदावन बड़ा हॉल, सिविल लाइंस रायपुर में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश के साहित्यकार, बुद्धिजीवी, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रें के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। डॉ. राजाराम त्रिपाठी को कृषि क्षेत्र में उनके अभिनव कार्यों, विशेष रूप से उच्च उत्पादक काली मिर्च की नई प्रजाति एमडीबीपी–16 के विकास के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। यह किस्म सामान्य प्रजातियों की तुलना में चार गुना अधिक उत्पादन देने में सक्षम है और इसकी गुणवत्ता को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। डॉ. त्रिपाठी द्वारा विकसित नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल को भी कार्यक्रम में विशेष सराहना मिली। यह मॉडल पर्यावरण संरक्षण, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता में कमी, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से मुकाबला तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी समाधान माना जा रहा है। सम्मान प्राप्त करते हुए डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने यह पुरस्कार अपने परिजनों, मां दंतेश्वरी हर्बल समूह तथा बस्तर के आदिवासी समुदाय के किसानों को समर्पित किया। समारोह के उद्घाटक राजर्षि महंत डॉ. रामसुंदर दास रहे, जबकि प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. इंदिरा मिश्र आईएएस ने की। कार्यक्रम में राजकवि डॉ. बृजेश सिंह, विजय मिश्रा, डॉ. जेपी डागर और अधिवक्ता अंबर शुक्ल अम्बरीष सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ लेखक सुनील पांडे ने किया। आयोजन संस्था के अध्यक्ष आचार्य इंजीनियर अमरनाथ त्यागी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ के होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम उत्साह, भाईचारे और सांस्कृतिक वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शांति बाजपेई ने की। आयोजन में उपाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला पांडे, श्रीमती नूतन झा, श्रीमती संगीता चौबे और डॉ. नीता मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ से की गई, जिसके बाद रंग–गुलाल के साथ भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर आधारित सांस्कृतिक वातावरण बना। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारस्परिक सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नित्या पांडे रहीं, जो वर्तमान में लैटिन अमेरिका के देश चिली में पीएचडी के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हैं और नासा के प्लेनेटरी मिशन में सदस्य के रूप में कार्य कर रही हैं। नित्या पांडे ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे कोंडागांव के ग्राम कछोरा से हैं। बचपन में सरस्वती शिशु मंदिर बनियागांव में पढ़ाई के लिए रोज लगभग 8 किलोमीटर की दूरी तय करती थीं। उन्होंने बच्चों को बताया कि उनकी प्रेरणा कल्पना चावला रही हैं और अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता–पिता को दिया।



### दुनिया के कई देशों में कर चुकी हैं कार्य

नित्या पांडे ने अपने शोध और कार्यकाल के दौरान फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, ब्रिटेन, न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया सहित अंटार्कटिका ऑब्जर्वेटरी में भी कार्य किया है। उन्होंने बताया कि उनकी पढ़ाई का पूरा खर्च उन्हें प्राप्त विभिन्न फेलोशिप के माध्यम से वहन किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों के साथ संवाद करते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और सफलता प्राप्त करने के लिए परिश्रम, लक्ष्य और निरंतर प्रयास को आवश्यक बताया। बच्चों ने अपने बीच नासा से जुड़ी वैज्ञानिक को पाकर उत्साह व्यक्त किया।

### समाज के पदाधिकारियों ने जताया आभार

कार्यक्रम के अंत में महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ने आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज कोंडागांव के अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, सचिव पवन झा, सलाहकार गोपाल दीक्षित और किशोर शर्मा सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सभी ने सामाजिक एकता और प्रेरणा का महत्वपूर्ण मंच बताया।

## कोंडागांव एथेनॉल संयंत्र मामले में प्रशासनिक समीक्षा तेज, समस्या निराकरण पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के एथेनॉल संयंत्र को लेकर हाल में विरोध, तोड़फोड़ और स्थानीय असंतोष की घटनाओं के बाद प्रशासन ने मामले की समीक्षा तेज कर दी है। संयंत्र को फिलहाल एहतियातन अस्थायी रूप से बंद रखा गया है और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। प्लांट से जुड़ी खबरों की जांच पड़ताल में यह सामने आया है कि प्रशासन प्लांट के संरचना, संचालन व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन तथा आवश्यक तकनीकी सुधारों की समीक्षा कर समस्याओं के निराकरण के लिए मंथन कर रहा है। जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से ग्रामीणों द्वारा उठाई जा रही शिकायतों को लेकर संयंत्र प्रबंधन, प्रशासन और स्थानीय स्तर पर कई दौर की चर्चा हुई थी। ग्राम स्तरीय समन्वय के माध्यम से संवाद स्थापित करने और शिकायतों के समाधान के लिए चरणबद्ध उपायों पर भी काम किया गया था। घटना के समय संयंत्र में कुल 235 कार्मिक कार्यरत थे। इनमें से 192 कार्मिक छत्तीसगढ़ से थे, जो कुल कार्यबल का लगभग 82 प्रतिशत है, जबकि 128 कार्मिक कोंडागांव जिले से थे, जो कुल कार्यबल का लगभग 55 प्रतिशत है। अकुशल श्रेणी में 74 में से 64 कार्मिक कोंडागांव जिले से थे, यानी लगभग 87 प्रतिशत, जबकि ठेका श्रमिक श्रेणी में 48 में से 46 श्रमिक कोंडागांव जिले से थे, यानी लगभग 96 प्रतिशत। वहीं कुशल श्रेणी में भी 103 में से 63 कार्मिक छत्तीसगढ़ से थे, जो लगभग 61 प्रतिशत है।



### मक्का खरीदी संबंधी सवाल की पड़ताल

मक्का खरीदी को लेकर भी कई तरह की शिकायतें हुई, जिनके पड़ताल में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, संयंत्र द्वारा मक्का की खरीदी से प्राप्त आवंटन के आधार पर की गई थी। संबंधित अवधि में लगभग 4399 मीट्रिक टन मक्का, जिसकी कुल कीमत करीब 10.56 करोड़ बताई जा रही है। जिस समय खुले बाजार में मक्का का भाव लगभग 16–17 प्रति किलोग्राम था। उस समय किसानों से लगभग 24 प्रति किलोग्राम एमएसपी दर पर खरीदी की जा रही थी। वर्तमान में जिला कलेक्टर, कोंडागांव, पदेन प्रभारी अधिकारी अध्यक्ष के रूप में इसकी देखरेख कर रहे हैं। साथ ही समिति के कार्यों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए अध्यक्ष के नेतृत्व में 15 सदस्यीय संचालक मंडल भी कार्यरत है। सूत्रों के मुताबिक, प्रबंधन द्वारा आवश्यक सुधारात्मक कार्यों के लिए रोडमैप बनाया जा रहा है ताकि भविष्य में शिकायतों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक संरचनात्मक एवं तकनीकी सुधार किए जाये।

## गारका में मनी भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव/केशकाल

साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती और वार्षिक महासभा का आयोजन तहसील साहू संघ केशकाल/फरसगांव द्वारा रविवार को ग्राम पंचायत गारका में साहू समाज के महासभा अध्यक्ष तुलसीराम साहू की अध्यक्षता में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न किया गया। साहू समाज के द्वारा ग्राम गारका में स्तिथ नवनिर्मित सामाजिक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। साहू समाज के महिला पुरुष बच्चो की उपस्तिथि में सुबह शिव मंदिर गारका से भव्य कलश व शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल तक निकाली गई। जिसके बाद कार्यक्रम स्थल में संत शिरोमणी भक्त माता कर्मा के छायाचित्र का पुष्प श्रृंगार, महाआरती और ध्वजारोहण संपन्न हुई। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, महिलाओं और युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही और कार्यक्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस दौरान महिलाओं और युवाओं ने भक्ति गीतों व धार्मिक भजनों के माध्यम से श्रद्धा व्यक्त की, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। वही हर वर्ष की तरह वार्षिक महासभा का आयोजन कर सामाजिक गतिविधियों के साथ आय व्यय पर चर्चा किया गया। मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकण्ठ टेकाम ने गारका में साहू समाज में लिए बने नवनिर्मित सामाजिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए नीलकंठ टेकाम ने कहा की साहू समाज के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित कर हर वर्ष भक्त माता कर्मा को याद करने के लिए और इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को संगठित करने के लिए समाज के शिक्षा स्वास्थ्य और सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करने के लिए इसका आयोजन किया जाता है।

■ रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



### 17 लोगों ने किया रक्तदान

पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कुल 17 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। साथ ही समाज के लोगों ने कहा कि आने वाले समय में इससे भी अधिक लोग रक्तदान कर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। सभी रक्तदाताओं के कार्य की सराहना करते हुए मुख्यअतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चरन्तीन नेताम, जनपद सदस्य राजकुमारी नेताम, सरपंच टाटीरास राजेश नेताम, सरपंच गारका मुकेश मंडावी, साहू समाज जिला अध्यक्ष राजेश साहू, महासभा अध्यक्ष तुलसी राम साहू, सचिव विजय साहू, कोषाध्यक्ष महेश साहू, संतोष साहू, बिरबल साहू, सुखनंदन साहू, हितेश साहू, गिरजा शंकर साहू, द्वारका साहू, श्रीमती लता साहू, सतेंद्र साहू, बिजलाल साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकृत करने के दिए निर्देश

# शासकीय योजनाओं का लाभ देने, समस्याओं के निराकरण के लिए मटवाल में जिला स्तरीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनपद पंचायत कोंडागांव के ग्राम मटवाल में शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए शिविर के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा रामचन्द्र कश्यप और जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर ने भी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित एवं समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामवासियों से कुल 241 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिविर के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 दिव्यांगजनों को ट्रायसिकल एवं अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए और विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। राजस्व विभाग द्वारा मौके पर ही आवेदनों का निराकरण करते हुए 4 ऋण पुस्तिकाएं वितरित की गईं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा मत्स्य विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को मछली जाल का वितरण किया गया तथा 14 जाति प्रमाण पत्र और 8 जन्म प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त करते हुए शासन–प्रशासन के प्रति आभार जताया।



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव जनपद पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया, तहसीलदार विजयप्रताप सिंह तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने व्यवहार न्यायालय में देखी न्यायालयीन प्रक्रिया

**धनोरा।** ब्लॉक अंतर्गत जिला कोंडागांव के जनपद प्राथमिक, माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं को केशकाल अंतर्गत विभिन्न स्थलों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों ने केशकाल स्थित व्यवहार न्यायालय का भ्रमण किया। बच्चों ने न्यायालयीन प्रक्रियाओं को व्यवहारिक रूप से देखा और जाना। इसके बाद बच्चों को इको टूरिज्म पर्यटन स्थल टाटामारी एवं पंचवटी का भ्रमण कराया भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रकृति की सुंदरता को करीब से निहारा और वहां पर स्थित झूलों एवं स्वल्पाहार का आनंद लिया। दिन के अंत मे विद्यार्थियों ने पुरातात्विक स्थल गोबरहीन गढ़धनोरा का भ्रमण किया जहां स्थित सातवीं-आठवीं शताब्दी में खुदाई हुए पुरातात्विक नलवंशी के विभिन्न मूर्तियों को देखा एवं स्थानीयों के द्वारा सन 1989 में खुदाई हुए 7 फिट भगवान विष्णु की प्रतिमा जिसे जगदलपुर स्थित संग्रहालय में संरक्षित रखा गया है। इससे संबंधित रोचक ऐतिहासिक जानकारी बच्चों दी गयी एवं वहां स्थित शिवलिंग पर पूजा अर्चना की गई। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना, न्यायालय के प्रक्रियाओं को व्यावहारिक रूप से परिचित कराना और प्राकृतिक,पुरातात्विक ऐतिहासिक स्थलों को करीब से निहारना था। यह भ्रमण संस्था के प्रधान अध्यापक सुकलाल कावड़े, विनोद कुमार प्रधान के कुशल मार्गदर्शन में कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के स्टॉफ शिक्षक, शिक्षिकाएँ श्रीमती शांति धनेलिया,जुगल किशोर पटेल, कृष्णा साव,श्रीमती हेमलता साहू एवं भृत्य, स्वीपर कर्मचारियों द्वारा विद्यार्थियों के सुरक्षा एवं अनुशासन का विशेष ध्यान एवं सहयोग रहा।



## पेज 9 के शेष

### रामजन्मोत्सव....

इसे स्थापित कर हिंदू नववर्ष और रामजन्मोत्सव के स्वागत का संदेश दिया जाना चाहिए। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रामजन्मोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत शोभायात्रा, धार्मिक आयोजन और सामाजिक सहभागिता के कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे शहर में उत्सव का वातावरण बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने पर जोर



**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की दूरदर्शी पहल से जिले में मोटे अनाजों की खेती को नई पहचान मिल रही है। किसानों को पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए अब रागी (मडिया) की खेती में भी नवाचार की शुरुआत की गई है, जिससे किसान आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिले के कृषि इतिहास में पहली बार लगभग 300 प्रगतिशील किसानों द्वारा उन्नत 'श्री विधि' के माध्यम से रागी की बुवाई और खेती की जा रही है। यह पहल रागी उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्र में पोषक अनाजों की खेती को भी प्रोत्साहित कर रही है। रागी अपनी उच्च पोषण गुणवत्ता, विशेषकर कैल्शियम और आयरन की प्रचुरता के कारण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है।

### पीएम किसान योजना की 22वीं किस्त जारी

**बीजापुर।** किसानों को आर्थिक मजबूती देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की गई। इस अवसर पर बीजापुर जिले के 16,692 किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 3.38 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को हर वर्ष 6000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में प्रदान की जाती है, जिससे किसानों को खेती से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

# डिकेश ठाकुर स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में नैनमुर बना विजेता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा**



ग्राम पंचायत कोटियागुड़ा में आयोजित स्वर्गीय डिकेश ठाकुर स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खेल प्रेमी और युवा उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में खेल के प्रति उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला नैनमुर और नारायणपाल की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में नैनमुर की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और टूर्नामेंट की विजेता बनी। वहीं नारायणपाल की टीम उपविजेता रही। मैच के दौरान दर्शकों में भी काफी उत्साह देखने को मिला और सभी ने खिलाड़ियों का तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया।

समापन समारोह के दौरान विजेता टीम नैनमुर को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50,000 की राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता नारायणपाल की टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 25,000 की राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है और वे सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि स्वर्गीय डिकेश ठाकुर की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन लगातार होते रहेंगे और क्षेत्र के युवा खेल के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेंगे। विधायक गोयल ने विजेता और उपविजेता टीम सहित सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है, जो उनके जीवन को नई दिशा देता है।

# पौधरोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान पर कर रहे काम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा**



शाऊमा विद्यालय छिंदबहार में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीवन कुमार महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई छिंदबहर द्वारा सत्र 2025-26 में नियमित गतिविधि

- एनएसएस छिंदबहार ने किया उल्लेखनीय कार्य

हेतु वार्षिक कैलेंडर के अनुसार कार्य विभाजन कर राष्ट्रीय सेवा योजना का 5 वर्षीय कार्ययोजना के आधार पर पौधरोपण, पौध संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक कुल 3000 पौधे लगाए व वितरित किया जा चुका है।

जिसका नियमित निरीक्षण भी किया जाता है। इस हेतु वृक्ष मित्र टीम का गठन किया गया है। जल संरक्षण मिशन के तहत भूजल रिचार्ज हेतु सोखता गड्ढा मिनी वाटर शेड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष 200 सोखता गड्ढा मिनी वाटर शेड का निर्माण किया गया है। अब तक का कुल 2000 सोखता गड्ढा मिनी वाटर शेड का निर्माण हो चुका है। जिससे भूजल स्तर भी बढ़ रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक से भरा एक बॉटल के बदले एक पेन अभियान चलाया जा रहा है। जिसे प्राप्त बॉटल से बहुउद्देशीय ट्री गार्ड का निर्माण किया जा रहा है। जिससे पौधों की सुरक्षा और पौधों को पानी भी मिल रहा है। साथ ही अन्य सजावटी सामान भी तैयार किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शासन के द्वारा निर्देशित कार्य भी किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न गतिविधि भी आयोजित किया जाता है। जिसमें प्रमुख रूप से प्रतियोगिता परीक्षा के प्रति तैयार करने हेतु हर वर्ष गांधी जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान आने वाले बच्चों को नगद राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के प्रयास से विद्यालय के पांच बालिका राज्य स्तरीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हो चुके हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना छिंदबहार के स्वयंसेवकों का राज्य स्तरीय सात दिवसीय शिविर में छिन्द कला से विशेष पहचान हासिल किया है। जिसकी प्रशंसा मंत्री टंकराम वर्मा उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना शाऊमा विद्यालय छिंदबहार के प्राचार्य दीपक कुमार घोष के मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के निर्देशन व सहायक अधिकारी मनोहर सिंह बरनाला के सहयोग से निरंतर राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य व उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिसमें उप महादल नायक मुकेश कश्यप, कु. दिव्या पाण्डे का विशेष सहभागिता है।

# सांसद के पहुंचने से पहले सरपंच ने काटा फीता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा**

ब्लाक के ग्राम पंचायत बोरीगांव में शनिवार को शासकीय हाईस्कूल बोरीगांव का उद्घाटन बस्तर सांसद महेश कश्यप के मुख्य आतिथ्य किया जाना पीडब्ल्यूडी द्वारा तय किया गया था पर सांसद के पहुंचने के पहले महिला सरपंच सुकनदेहि नाग ने फीता काट तथा मां सरस्वती की प्रतिकृति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर स्कूल का उद्घाटन कर दिया। उक्त हाईस्कूल भवन क्षेत्रवासियों के पुरजोर मांग पर क्षेत्रीय विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा स्वीकृत कराया गया, तत्तकालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका भूमिपूजन कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी थी। शनिवार को जब सांसद बस्तर द्वारा स्कूल के उद्घाटन की सूचना ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराम बिसाई को मिली तो उन्होंने इस बारे में विधायक को अवगत कराया और उनके मार्गदर्शन में पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ बोरीगांव पहुंचे जहां कार्यक्रम स्थल में ग्रामीणों को बताया गया कि विधायक नाराजगी जता रहे हैं जिसकी स्वीकृति उन्होंने दिलाई उसका उद्घाटन विधायक की अनुपस्थिति में सांसद द्वारा कैसे किया जा सकता है। विधानसभा सत्र के दौरान उनकी अनुपस्थिति में भाजपा व सांसद द्वारा झूठा श्रेय व वाहवाही लूटने यह उद्घाटन किया जा रहा है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवराम बिसाई ने कहा कि भूमिपूजन शिला को भी मौके से हटा दिया गया है। इस समझाइश पर ग्रामीणों के साथ सरपंच ने आगे आकर हाईस्कूल भवन का विधिवत उद्घाटन कर दिया। इस दौरान कमेटी के उपाध्यक्ष जगमोहन बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी फत्तेसिंह परिहार, विजय, नित्या चन्द्राकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

# प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं प्रगति

**हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा**

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं और लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत विशेष परियोजना में सर्वेक्षित परिवारों में से पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सहायता कार्यक्रम के पेंशन योजनाओं से जोड़ा जाए तथा आधार आधारित डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि का नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में तेजी लाने सहित सेचुरेशन सुनिश्चित किया जाए। वहीं लंबित सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं के क्रियान्वयन, मानव अधिकार आयोग के लंबित प्रकरणों और जनदर्शन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, जिले में आवारा मवेशियों के प्रभावी प्रबंधन तथा मुक्तिधामों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कोटपा अधिनियम 2003 की धारा-4 के अंतर्गत विभागों द्वारा की गई कार्यवाही तथा जनगणना 2027 की तैयारियों की भी समीक्षा की। बैठक में पुनर्वास केंद्रों के संचालन, लाभार्थियों को प्रदान की जा रही वेलकम किट एवं टूल किट की जानकारी लेते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस जा चुके लोगों का सर्वे कराने के निर्देश दिए गए। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों जैसे निर्माण कार्य, मॉडल स्कूल, मॉडल आंगनबाड़ी, पीडीएस एवं पीएचई की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही जनसमस्या निवारण शिविरों के आयोजन, वेटलैंड के यूजेस राइट के नोटिफिकेशन तथा लैंड बैंक के लिए समिति गठन कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए।

# बीएलओ व सुपरवाइजरों को किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा**




नए मतदाताओं और उत्कृष्ट कार्य के लिए मास्टर ट्रेनर, बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को सम्मानित किया गया। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र 87 में एसआईआर के कार्य का सफलतापूर्वक संपादन किये जाने पर बीएलओ एवं सुपरवाइजरो कों प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में एसडीएम तोकापाल शंकर लाल सिन्हा अतिथि के रुप में शामिल हुए उन्होंने कहा कि मतदान के अधिकार को सिर्फ विकल्प के रुप में नहीं, बल्कि इसे एक कर्तव्य के रुप में देखें और निष्पक्ष, निर्भिक एवं स्वतंत्र होकर अपने मतदान का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढाना भी एक चुनौती है, इसलिए स्वयं मतदान करें और दूसरे मतदाताओं को भी मतदान के लिए जागरुक करें। उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी लोगों को दाहिना हाथ आगे बढ़वाकर मतदाता शमथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्व आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी लोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। समारोह के विशेष अतिथि लोहण्डीगुडा तहसीलदार कैलाश पोयाम, तोकापाल तहसीलदार, बास्तानार तहसीलदार एवं दरभा तहसीलदार सुनील धुर्व, ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में मतदाता शपथ के शब्दों के मायने को बारिकी से समझें और अपने अधिकार के प्रति जागरुक रहें। उन्होंने सभी निर्वाचनों में निष्पक्ष मतदान के लिए जागरुक रहनें कहा। उन्होंने कहा कि मताधिकार का उपयोग करने तब मिलेगा, जब मतदाता सूची में नाम होगा। इसलिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी लोग मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं और दूसरों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें। नाम जुड़वाने का कार्य बीएलओ के माध्यम से या ऑनलाइन भी आसानी से किया जा सकता है और नाम जुड़ने के बाद अपने मताधिकार का उपयोग भी अवश्यरुप से करें। उन्होंने जिले में एसआईआर का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन कराने के लिए इस अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों-कर्मचारियों प्रशंसा की। एसडीएम शंकर लाल सिन्हा ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरो कों प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 87 चित्रकोट अंतर्गत लोहण्डीगुडा, दरभा, बास्तानार, तोकापाल के सभी एईआरओ एवं ईआरओ चित्रकोट उपस्थित रहें। और आगामी जनगणना कार्य 2027 के कार्य कों करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। समारोह को सफल बनाने में सभी की उपस्थिति के लिए आभार प्रगट किया।

# ग्रामीणों का दिल जीतने में जुटी सीआरपीएफ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**



छत्तीसगढ में नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रही है। एक ओर जहाँ सुरक्षा बल लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाकर नक्सलियों का लगातार सफाया कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के साथ मित्रवत एवं मधुर संबंध स्थापित करने हेतु लगातार संकल्पित होकर प्रयासरत हैं। इसी का उदाहरण 231 वी वाहिनी सीआरपीएफ ने पेश किया। बल के कमांडेंट सुनील भंवर के निर्देशानुसार 231 वी वाहिनी सीआरपीएफ के कम्पनी कमाण्डर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार झा के द्वारा 14 मार्च को ग्रामीणों को कैंप में बुलाकर खाना खिलाया। बच्चों को बिस्किट एवं चॉकलेट बांटा एवं बीमार ग्रामीणों के मध्य दवा का वितरण किया। सुरक्षा बल एवं ग्रामीणों के बीच मित्रवत संबंध एवं भविष्य में 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा आयोजित होने वाली सिविक एक्शन प्रोग्राम के बारे में चर्चा की गई। जिसमें डोरापारा, बुधिपारा, धुर्वापारा, रियापारा के ग्रामीणों ने भाग लिया। मौके पर डोरापारा के पंच बिमा राम कवासी, बुधरा कवासी तथा धुर्वापारा के भिमे सुंडाम सहित लगभग ग्रामीण उपस्थित रहे।

### किसानों को निःशुल्क बी-1 वितरण



**दंतेवाड़ा।** किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की जानकारी सरलता से उपलब्ध कराने तथा राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जिले भर में निःशुल्क बी-1 (खसरा नकल) वितरण एवं वाचन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की प्रमाणित प्रति निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की सभी तहसीलों में राजस्व विभाग के अधिकारी, तहसीलदार और पटवारी गांव-गांव जाकर बी-1 का वितरण कर रहे हैं। साथ ही ग्राम स्तर पर बी-1 का वाचन (पढ़कर सुनाने) भी किया जा रहा है, जिससे किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की स्पष्ट और सही जानकारी मिल सके। वाचन के दौरान यदि किसी प्रकार की त्रुटि सामने आती है तो उसे नियमानुसार सुधारने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकेगी। इस पहल से किसानों को नामांतरण, बैंक ऋण, फसल बीमा तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। जिला प्रशासन ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान को प्राथमिकता के साथ संचालित करें और अधिक से अधिक किसानों तक इसकी जानकारी पहुंचाएं।

# कुड़कानार माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को विदाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड**



विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय कुड़कानार में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति, प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। गीत-संगीत, नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान भावनात्मक माहौल में विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयी जीवन की यादों को भी साझा किया। इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल बीर सिंह कश्यप को तथा मिस फेयरवेल सरस्वती बघेल को प्रदान किया गया।

प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र यादव ने कहा कि विदाई जीवन का अंत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत होती है। विद्यालय विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाने की कला भी सिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी। अंत में सभी विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के साथ स्मृतियां साझा की तथा इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए न्योता भोजन का आयोजन भी किया गया। प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं में शिल्पा शर्मा, नीरज कुमार कुंजाम, फूल सिंह यादव, ममता ठाकुर, आभा प्रीति एक्का उपस्थित रहे।

# महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**



जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में जिला स्तरीय संवेदनशीलता एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति प्रेरित करना तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना जा सकता है। साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों तथा शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण, बेकरी, मसाला निर्माण, आचार, पापड़ तथा मिलेट आधारित उत्पाद जैसे छोटे उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं, जिनके लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम इस पहल की नोडल एजेंसी है तथा चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दंतेवाड़ा जिले में इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भाग लेकर उद्यमिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।






**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र./क/तह./2024-25
तोकापाल दिनांक, 2/3/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बामन वेट्टी पिता सुकलो वेट्टी जाति माड़िया निवासी ग्राम बुरूंगपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता जगरी वेट्टी/सुकलो वेट्टी मृत्यु तिथि 20/4/2020 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत बुरूंगपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 16/3/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 2/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक ..............

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल

**खबर संक्षेप**

## बास्तानार की 34 पंचायतों में जिला प्रशासन की जन चौपाल

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन ने जन समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को बास्तानार विकासखंड में जन चौपाल का आयोजन किया। लोहंडीगुड़ा और बकावंड विकासखंडों की सफलता के बाद, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशानुसार सुबह 10 बजे से ही बास्तानार की सभी 34 ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारियों ने मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों का जायजा लिया। इस अभियान के तहत अनुविभागीय दण्डाधिकारी शंकर लाल सिन्हा ने राजस्व और जनपद पंचायत के अधिकारियों के साथ मिलकर विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की सघन समीक्षा की।



## शाही रोजा इफ्तार में हजारों रोजेदारों की भीड़ उमड़ी

**रायपुर।** मुस्लिम समाज का रमजान माह चल रहा है। इसी कड़ी में नेताजी सुभाष स्टेडियम में शनिवार को शाही रोजा इफ्तार रखा गया, जिसमें दस हजार से अधिक रोजेदार शामिल हुए। इस शाही रोजा इफ्तार में सबसे बड़े 400 फिट लंबे दस्तरखान, जिस पर 500 लोग एक ही दस्तरखान पर बैठे, ऐसे 15 दस्तरखान लगाए गए। उसके बाद नमाज मौलाना अब्दुल रज्जाक साहब ने पढ़ाई और देश-प्रदेश की तरक्की, अमन-चैन, भाईचारा की दुआ की। नमाज बाद फातिहा इमाम हुसैन कर्बला के 72 शहीदों के नाम दी गई, फातिहा और स्वागत के बाद खाना रोजेदार को खिलाया गया। शाही रोजा इफ्तार के आयोजक राहिल रऊफी, नईम अशरफी, रफीक गोठिया, शेख अमीन ने बताया कि महिलाओं के लिए भी इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि हजारों रोजेदारों ने रायपुर मुस्लिम समाज की हुसैनी सेना के शाही रोजा इफ्तार में रोजा खोला। मेहमानों में वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. सलीम राज, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा, हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान, सिख समाज के तेलीबांधा गुरुद्वारा के ज्ञानी, दिलेर रंधावा, क्रिश्चियन समाज से राजेश जॉन पॉल, मौलाना जहीरूद्दीन साहब, सुरेश मसीह, सिंधी समाज से अजीत कुकरेजा आदि शामिल हुए।

## रायपुर-दुर्ग की ज्वेलरी शॉप में चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** सोने-चांदी की दुकान में जेवर खरीदने के बहाने जेवर चोरी करने के आरोप में टिकरापारा पुलिस ने दुर्ग पुलिस की मदद से एक महिला तथा एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब पांच लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने रायपुर के साथ दुर्ग के सोने-चांदी की दुकान में चोरी की थी। सोने-चांदी की दुकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मूलतः जांजगीर-चांपा निवासी कमलेश्वरी साहू, अभनपुर निवासी मेषराम साहू को गिरफ्तार किया है। देवपुरी स्थित दुर्गा ज्वेलरी में कारोबारी को सोने का रानी हार तथा अन्य जेवर खरीदने का झांसा देकर दोनों जेवर लेकर फरार हो गए थे। मेषराम को दुकान संचालक तथा आसपास के लोगों ने भागने की कोशिश करते मौके पर ही पकड़ लिया था। पूछताछ में आरोपियों ने रायपुर के साथ दुर्ग की ज्वेलरी शॉप में चोरी करने का अपराध कबूल किया है।

# 4.23 करोड़ बकाया के लिए 4735 उपभोक्ताओं की कटी लाइन

## डिस्कनेक्शन अभियान में 12346 बकायादारों से 4.42 करोड़ वसूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर संभाग के सातों जिलों के उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया की वसूली के लिए विद्युत कंपनी ने डिस्कनेक्शन अभियान को तेज कर दिया है। इस पर बिजली कंपनी ने बकाएदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 4 करोड़ 22 लाख 67 हजार 433 रुपए बकाए पर 4735 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटा गया। बकाया बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन अब घर बैठे ही स्मार्ट मीटर के माध्यम से ऑनलाइन काटे जा रहे हैं। अभियान के दौरान बकायादार 12 हजार 346 उपभोक्ताओं से 4 करोड़ 41 लाख 67 हजार 479 रूपए वसूल किया गया। हालांकि एक हजार रूपए से अधिक के बिजली बिल वाले एक लाख 16 हजार 86 उपभोक्ताओं पर लगभग 54 करोड़ 34 लाख 31 हजार 463 रूपए बकाया है। वहीं दूसरी ओर बस्तर जिले में डिस्कनेक्शन अभियान सुस्त है।

- स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के बकाया पर घर बैठे कट रहा कनेक्शन

### एक लाख वाले बकायादारों के नहीं कटे कनेक्शन

बताया जा रहा है कि सातों जिलों में एक लाख रुपए से अधिक बिल वाले 475 बकाएदारों पर 17 करोड़ 94 लाख 21 हजार 177 रुपए का बिजली बिल बकाया है। ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन नहीं कटे।

### डिस्कनेक्शन अभियान हुआ तेज

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि डिस्कनेक्शन अभियान तेज कर दिया है, लापरवाही होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## भाषण स्पर्धा में 59 विद्यार्थियों ने रखा गणित के भविष्य पर दृष्टिकोण

# गणित दिवस पर विवि में गणितीय उत्सव विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आयोजित गणितीय उत्सव के अंतर्गत शुक्रवार और शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले दिन भाषण स्पर्धा और दूसरे दिन पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शनी आयोजित की गई,जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गणित विषय के प्रति अपनी समझ, रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया।

- पोस्टर, चार्ट और मॉडल प्रदर्शनी से गणित की उपयोगिता को किया प्रस्तुत

"बेहतर कल के लिए गणित" विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कुल 59 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने विचार रखते हुए बताया कि आने वाले समय में विज्ञान, तकनीक,शोध और दैनिक जीवन में गणित की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होने वाली है। प्रतियोगिता में 11 विद्यार्थियों ने विशेष रूप से गणित की बढ़ती उपयोगिता, तकनीकी विकास में इसकी भूमिका तथा भविष्य की चुनौतियों में गणित की आवश्यकता पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

इसी क्रम में आयोजित पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने गणितीय अवधारणाओं को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में नौ विद्यार्थियों ने गणित से जुड़े चार्ट और पोस्टर तैयार कर विभिन्न सूत्रों,सिद्धांतों और उनके उपयोग को प्रदर्शित किया। वहीं एक विद्यार्थी ने गणितीय अवधारणा पर आधारित मॉडल तैयार कर उसके व्यावहारिक उपयोगों के बारे में जानकारी दी,जिससे उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को गणित के व्यवहारिक पक्ष को समझने का अवसर मिला।

संयोजक राजेश्वर प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर 16 मार्च को विश्वविद्यालय के कालीपुर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विचार संबोधन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा, जिसमें प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव करेंगे,जबकि डॉ रवि द्विवेदी एवं एफआर साहू अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर यह गणितीय उत्सव छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं तकनीकी परिषद (सीकॉस्ट), एनसीएसटीसी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें वैज्ञानिक सोच की दिशा में प्रेरित करना है।

### गणितीय समझ की सराहना की

प्रतियोगिताओं के दौरान निर्णायक के रूप में डॉ राजेश्वरी नेताम,डॉ नीरज वर्मा और डॉ सियालाल नाग उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करते हुए उनकी रचनात्मकता और गणितीय समझ की सराहना की तथा उन्हें आगे भी गणित के क्षेत्र में नए प्रयोग और अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

## वैचारिक मतभेद से दो साल दूर रहे पति-पत्नी हुए एक साथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के निवासी पति-पत्नी के मध्य छोटी-छोटी बातों पर गंभीर वैचारिक मतभेद से दो साल दूर रहे। इस मामले पर शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में समझाईश के बाद पति-पत्नी एक साथ हुए।

- वैवाहिक जीवन में पति-पत्नि के मध्य पैदा हुई वैमनस्यता को किया दूर

नेशनल लोक अदालत में शनिवार को परिवार न्यायालय के समक्ष रखे गये प्रकरण में पति-पत्नि के मध्य री-यूनियन करवाकर प्रकरण का निपटारा किया गया है। आवेदिका एवं अनावेदक का प्रेम विवाह 15 जुलाई 2015 को गिरोला मंदिर जिला बस्तर में संपन्न हुआ था और दोनों के दाम्पत्य संबंधों से एक पुत्र संतान का जन्म हुआ। पुत्र के जन्म के 3-4 माह के बाद पति-पत्नि के मध्य छोटी-छोटी बातों पर काफी गंभीर वैचारिक मतभेद उत्पन्न होने लगा, जो काफी प्रयासों के बावजूद समाप्त नहीं हुआ। इसके चलते एक फरवरी 2024 से पृथक-पृथक निवास करने लगे और दोनों ने आपसी सहमति से विवाह-विच्छेद का निर्णय लेते हुए, आपसी सहमति के आधार पर विवाह-विच्छेद हेतु यह मामला प्रस्तुत किया था। प्रकरण के दौरान आवेदकगण को उनके मध्य उत्पन्न विवादों को भूलकर, पति-पत्नि के रूप में साथ रहवास, सुखपूर्वक व शांतिपूर्वक पारिवारिक जीवन-निर्वाह करने के संबंध में समझाईश दी गई। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए व पति-पत्नि दोनों ने इस पर अमल करते हुए साथ रहना शुरू कर दिये हैं।

### सहमति से एक हुए

परिवार न्यायालय बस्तर के खंडपीठ क्रमांक-दो के पीठासीन अधिकारी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में पति-पत्नी की सहमति से प्रकरण का निराकरण करते हुए, पति-पत्नी के मध्य संबंध स्थापित की गई।

## रामनवमी की तैयारियों में जुटा आरण्यक ब्राह्मण समाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रामनवमी पर्व को भव्य मनाने के उद्देश्य से 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज की बैठक जगन्नाथ मंदिर में हुई। समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रामनवमी के आयोजन की तैयारियों, धार्मिक कार्यक्रमों तथा समाज की वार्षिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम की जीवंत झांकी भव्यता के साथ नगर में निकाली जाएगी। इसके साथ ही समाज के बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया जाएगा। समाज की वार्षिक महासभा का आयोजन 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर किया जाएगा। महासभा के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों-शिक्षा, सामाजिक सेवा,सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान समाज अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, सचिव देवशंकर पांडे, सन्तोष पात्र, महेश्वरी पांडे, संस्थापक सदस्य रविन्द्र पांडे, पूर्व अध्यक्ष ईश्वरनाथ खम्बारी, बनमाली पाणिग्राही, पूर्व अध्यक्ष दिनेश पाणिग्राही, क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक पांडे, बिम्भाधर पांडे, मिनेश पाणिग्राही, नरेंद्र पाणिग्राही, आत्माराम जोशी, गिरजा पांडे, मिथलेश पाणिग्राही, शैलेन्द्र जोशी, शिवशंकर जोशी, नरेश प्रसाद पांडे, दुर्गा प्रसाद कवि, हरबन्धु पाणिग्राही,डीलेश्वर प्रसाद पाण्डे तथा ललित पांडे सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा अधिकारी का प्रयास सफल, अब ओपन परीक्षा से वंचित नही होंगे परीक्षार्थी

**खास बातें**

- चपका ओपन स्कूल केंद्र की लापरवाही से 6 विद्यार्थी परीक्षा से वंचित होने की बनी रही आशंका
- ऑनलाइन फॉर्म भरने के बावजूद आवेदन स्वीकार नहीं होने से बढ़ी परेशानी
- परीक्षा से ठीक पहले मामला सामने आने पर छात्र-अभिभावकों में नाराजगी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की वर्ष 2026 की 10वीं और 12वीं की मुख्य परीक्षाएं 16 मार्च से प्रारंभ होने जा रही हैं। इसके लिए बस्तर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चपका को ओपन अध्ययन केंद्र बनाया गया है, लेकिन केंद्र प्रभारी और स्कूल प्रबंधन की कथित लापरवाही के कारण 6 छात्र-छात्राएं परीक्षा से वंचित होते,इसके पहले बस्तर जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल के प्रयास से सभी वंचित परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति मिल गई।

इस बात की पुष्टि करते डीईओ बीआर बघेल ने बताया 10वी और 12वी बोर्ड की ओपन परीक्षा के लिए जिन छात्र-छात्राओं ने ऑन लाइन परीक्षा फॉर्म लिया था,किंतु निर्धारित तिथि के बाद ऑफ लाइन फॉर्म जमा करने से ऐसे स्थिति बनी थी। बघेल ने कहा अभी परीक्षा के लिए कुछ दिनों का समय है,इसलिए बच्चों का भविष्य खराब न हो इसे ध्यान में रखकर निर्णय लिया गया,कि वे परीक्षा से वंचित नही होंगे,अन्य छात्र-छात्राओं की तरह परीक्षा में बैठेंगे। डीईओ के इस पहल का प्रभावित छात्र-छात्राओं के अभिवावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। वे डीईओ की भूरी-भूरी प्रशंसा की। अब छात्र-छात्राओं ने राहत की सांस ली।

पूर्व में मिले जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों ने चपका ओपन स्कूल अध्ययन केंद्र के नाम से ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरा था। आरोप है कि अध्ययन केंद्र प्रबंधन द्वारा इन ऑनलाइन आवेदनों को समय पर स्वीकार (एक्सेप्ट) नहीं किया गया। इसके कारण छात्रों का फॉर्म जमा नहीं हो पाया और वे 10वीं-12वीं की मुख्य परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो गए।

परीक्षार्थियों का कहना है कि उन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी प्रक्रिया पूरी कर ली थी,लेकिन अध्ययन केंद्र द्वारा फॉर्म स्वीकार नहीं करने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई। परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले सामने आए इस मामले से छात्रों और उनके परिजनों में नाराजगी देखी जा रही है। प्रभावित विद्यार्थियों ने जिम्मेदार अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा उन्हें परीक्षा में शामिल होने का अवसर देने की मांग की है।

इस संबंध में छात्रा प्रीति पटेल ने बताया कि उन्होंने चपका ओपन स्कूल अध्ययन केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरा था,लेकिन स्कूल प्रबंधन द्वारा उसे स्वीकार नहीं किया गया, जिसके कारण उनका फॉर्म जमा नहीं हो सका और अब वे परीक्षा देने से वंचित हो गई हैं। वहीं छात्र धनराज बघेल का कहना है कि उन्होंने भी समय पर फॉर्म भर दिया था, लेकिन केंद्र प्रबंधन की लापरवाही के कारण आवेदन स्वीकार नहीं किया गया। उन्होंने प्रशासन से इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें परीक्षा में बैठने का मौका देने की मांग की है।

### डीईओ के प्रयास से राहत

जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने इस मामले को गंभीर लेते चपका स्कूल के प्राचार्य से जानकारी ली। जानकारी में यह बात सामने आई कि परीक्षार्थीयो ने ऑन लाइन परीक्षा फॉर्म लिया था,जिसे निर्धारित तिथि खत्म होने बाद ऑफ लाइन जमा किया। उन्होंने कहा कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा में बैठने के निर्देश दिए गए है। उनके भविष्य के साथ किसी प्रकार की समस्या नही होगी।

# दो मंडल में एक ही एसई होने से ठेकेदारों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




लोक निर्माण विभाग जगदलपुर मंडल में पिछले 6 माह से भी अधिक समय से संजय सूर्यवंशी अधीक्षण अभियंता कांकेर अतिरिक्त प्रभार में पदस्थ हैं। उन्हें अधीक्षण अभियंता बस्तर मंडल का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जिसके कारण वे दोनों मंडल पर एक साथ समय देने में परेशानी हो रही हैं। ठेकेदारों के काम समय पर नहीं हो पाने एवं वे अपनी समस्याओं का निराकरण प्रत्यक्ष रूप से मिलकर नहीं करा पा रहें हैं। इससे कार्य करने में परेशानियों का सामना ठेकेदारों को करना पड़ रहा है। जगदलपुर मंडल से लिपिकों से कार्य संबंधित फाईल कांकेर मगांकर कार्य किया जा रहा है। जगदलपुर मंडल लोक निर्माण संभाग में बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा से जो भी ठेकेदार अपना कार्य करवाने को आतें हैं। ठेकेदारों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं रहता, जिसके कारण सभी ठेकेदारों का कार्य समय पर नहीं हो पाने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदारों ने जगदलपुर मंडल लोक निर्माण विभाग में नए अधीक्षण अभियंता को पदस्थ करवाने की मांग की, जिससे ठेकेदारों की समस्याओं का निराकरण हो सके।

- पीडब्ल्यूडी के ठेकेदारों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं

### पृथक से पदस्थ होगा एसई

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने इस संबंध में बताया कि शीघ्र ही जगदलपुर मंडल के लिए पृथक से अधीक्षण अभियंता पदस्थ किया जाएगा।

## नवीन दायित्व मिलने पर लिया माता का आशीर्वाद



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पदाधिकारियों ने मां दंतेश्वरी के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक संतोष त्रिपाठी तथा आर्थिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक अखिलेश शुक्ला ने नवीन दायित्व प्राप्त होने के उपरांत जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में दर्शन-पूजन के दौरान पदाधिकारियों ने प्रदेश एवं बस्तर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी माता दंतेश्वरी से संगठन की मजबूती और समाज के कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान राकेश तिवारी, रूपेश कुमार जैन, मनीष कुमार सकलेचा, कमलेश पटेल और शैलेश श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







